पंजाब केसरी 20/03/2025

# दैनिक जीवन से लेकर आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस तक में गणित का उपयोग : डा. रोहित दत्त



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में 'प्रॉब्लम सॉल्विंग इन मैथेमैटिक्स' विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते मुख्य वक्ता डा. विशाल गुप्ता। (देवदत्त)

## गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में 'प्रॉब्लम सॉल्विंग इन मैथेमैटिक्स' विषय पर हुई कार्यशाला

अम्बाला, 19 मार्च (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में बुधवार को गणित विभाग द्वारा कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त के दिशा-निर्देशन में 'प्रॉब्लम सॉल्विंग इन मैथेमैटिक्स' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता एम.एम. विश्वविद्यालय मुलाना से गणित विभाग के प्रोफेसर डा. विशाल गुप्ता का जी.एम.एन. कॉलेज की गणित विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम की कनवीनर डा. पिंकी, को-कनवीनर प्रो. सुजाता एवं को-ऑर्डिनेटर डा. राजेश सैनी ने स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया।

अपने संदेश में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने गणित की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गणित ही एकमात्र ऐसा विषय है, जो दैनिक जीवन से लेकर आज के समय की मांग आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस तक में उपयोग होता है। गणित का विद्यार्थी अपनी तार्किक क्षमता के आधार पर किसी भी क्षेत्र में मार नहीं खा सकता।

डा. विशाल गुप्ता ने कार्यशाला में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को गणित विषय की महत्ता से अवगत करवाते हुए बताया कि गणित में प्रॉब्लम सॉल्विंग यानी कि समस्या समाधान एक महत्वपूर्ण कौशल है, जो आपको वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने और गणितीय अवधारणाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है। सबसे पहले, समस्या को ध्यान से पढ़ें और समझें कि क्या पूछा जा रहा है, समस्या को हल करने के लिए एक योजना बनाएं, आप कौन से गणितीय अवधारणाओं और सूत्रों का उपयोग करेंगे, तत्पश्चात योजना के अनुसार समस्या को हल करें। नियमित अभ्यास से आपकी समस्या समाधान कौशल में सुधार होता है।

उन्होंने बताया कि गणितीय पहेलियां समस्या समाधान कौशल को विकसित करने का एक मजेदार तरीका हो सकती हैं। नियमित अभ्यास और तार्किक क्षमता का उपयोग करके आप अपने समस्या समाधान कौशल में सुधार कर सकते हैं।

कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने मुख्य वक्ता से विषय संबंधी प्रश्न पूछे एवं उन्हें संतोषजनक उत्तर प्राप्त किए। कार्यक्रम के अंत में डा. राजेश सैनी ने मुख्य वक्ता का कॉलेज में आकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने के लिए धन्यवाद किया।

इस कार्यक्रम में गणित विभाग से प्रो. शिवानी निझावन, प्रो. अर्चना जैन, कॉलेज के एम.एस.सी. गणित के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के सभी विद्यार्थियों सहित डी.ए.वी. कॉलेज अम्बाला शहर, एस.डी. कॉलेज अम्बाला छावनी एवं गवर्नमैंट कॉलेज अम्बाला छावनी के गणित के विद्यार्थी विशेष रूप से उपस्थित रहे एवं मुख्य वक्ता के संभाषण से लाभान्वित हुए।